# Tirupati Starch & Chemicals Limited

Regd. Office: Shree Ram Chambers, 1st Floor, 12 Agrawal Nagar, Main Road, Indore (M.P.) 452001
Phones: 0731-4905001, 4905002, E-mail: tirupati@tirupatistarch.com

Works: Village Sejwaya, Ghata Billod, District Dhar (M.P.)


**20th February, 2026**

**TIRUSTA/SE/2025-26**

To,
The General Manager,
Dept. of Corporate Services – CRD
**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai- 400 001

**Security ID: TIRUSTA; Security Code: 524582 & ISIN: INE314D01011**

**Sub.:-Submission of Newspaper Publication regarding Ease of Doing Investment - Special Window for Transfer and Dematerialisation of Physical Securities**
**Ref.:- SEBI Circular No.- HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026**

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to Regulation 30 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, please find enclosed herewith the Newspaper Publication regarding *Ease of Doing Investment - Special Window for Transfer and Dematerialisation of Physical Securities* till 04.02.2027, as published today i.e. on 20.02.2026 in Free Press Journal (English Edition) and Chautha Sansar (Hindi Edition) Newspapers.

You are requested to please take the same on your record.

Thanking you.

Yours faithfully,

***For*** **Tirupati Starch & Chemicals Limited**

Anurag Kumar Saxena
Digitally signed by Anurag Kumar Saxena
Date: 2026.02.20 12:22:08 +05'30'

**Anurag Kumar Saxena**
***(Company Secretary cum Compliance Officer)***
**M. No.: F8115**

**Enclosure**: As above

एक नजर

### मध्य प्रदेश में 130 बहू-बेटियां रोजाना हो रहीं लापता

भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश में औसतन हर दिन करीब 130 महिलाएं और बालिकाएं लापता हो रही हैं. यह चौंकाने वाला आंकड़ा विधानसभा में सामने आया. जब कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने सरकार से जानकारी मांगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने लिखित जवाब में स्वीकार किया कि वर्ष 2020 से 28 जनवरी 2026 तक राज्य में कुल 2 लाख 74 हजार 311 महिलाएं और बालिकाएं लापता दर्ज की गईं, जो औसतन प्रतिदिन 130 होती हैं.

### महंगाई के खिलाफ सड़क पर उतरी महिला कांग्रेस की पुलिस से झड़प

: ठेले पर स्कूटी-सिलेंडर रखकर वित्त मंत्री के खिलाफ किया प्रदर्शन

भोपाल (निप्र)। महिला कांग्रेस डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के बंगले का घेराव करने निकली। पुलिस ने रेडक्रॉस हॉस्पिटल के पास बैरिकेडिंग कर रोक लिया। महिला कांग्रेस डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के बंगले का घेराव करने निकली। पुलिस ने रेडक्रॉस हॉस्पिटल के पास बैरिकेडिंग कर रोक लिया।बीजेपी सरकार के बजट में महिलाओं को महंगाई से कोई राहत नहीं मिलने के विरोध में महिला कांग्रेस ने भोपाल में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के बंगले का घेराव करने की कोशिश की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर हालात तनावपूर्ण हो गए। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर महिला कार्यकर्ता संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया के नेतृत्व में जमा हुईं। इसके बाद ठेले पर स्कूटी और सिलेंडर रखकर मंत्री जगदीश देवड़ा के बंगले का घेराव करने नारेबाजी करते हुए निकलीं। इस बीच पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रेडक्रॉस हॉस्पिटल के पास रोक लिया। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला जलाने की कोशिश की। पुलिस ने पुतला जलाने से रोका, जिसके बाद महिला कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प की स्थिति बन गई। महिलाओं का कहना था कि बजट में न तो रसोई गैस सस्ती हुई और न ही पेट्रोल-डीजल या घरेलू खर्चों पर कोई राहत दी गई।

### समारोह में खाना बनाते समय हलवाई गर्म तेल से भरी कढ़ाई में जा गिरा हलवाई, इलाज के दौरान हुई मौत

भोपाल (निप्र)। भोपाल में एक समारोह में खाना बनाते समय हलवाई गर्म तेल से भरी कढ़ाई में जा गिरा। साथियों ने करीब दो मिनट की मशक्कत के बाद उसे कढ़ाई से बाहर निकाला। तत्काल उसे हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। जहां 15 दिन चले इलाज के बाद गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। मामला परवलिया इलाके का है। हादसे के समय युवक पूरियां तल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सज्जाद अली पति हसन अली 34 साल निवासी गोंडीपुरा नई जेल हलवाई था। 4 फरवरी को मुबारकपुर में एक गार्डन में खाना बनाते समय चक्कर आ गए। इस दौरान वह तेल से भरी कढ़ाई में गिर गया। इस कढ़ाई में पूरियां तली जा रही थीं, जिससे युवक गंभीर रूप से झुलस गया। साथियों ने उसे किसी तरह से बाहर निकाला। इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद बॉडी को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# क्लाइमेट चेंज से निपटने में लीडर बन रहा है मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री

- म.प्र. और इन्वेस्टर्स मिलकर देश को बढ़ाएंगे आगे
- 24 घंटे बिजली देने में मध्यप्रदेश सबसे आगे
- मध्यप्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा विकास के लिए सिकोया क्लाइमेट फाउंडेशन के साथ हुआ एमओयू
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुंबई क्लाइमेट वीक-2026 में की सहभागिता



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि क्लाइमेट चेंज एक गंभीर वैश्विक चुनौती है। क्लाइमेट चेंज मानव अस्तित्व, आर्थिक स्थिरता और भावी पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है। उन्होंने कहा कि सतत विकास की राह में हम पर्यावरण की अनदेखी नहीं कर सकते। विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना ही प्रगति का मूल आधार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोर देकर कहा कि क्लाइमेट चेंज के मामले में ठोस और समयबद्ध समाधान पर काम करना आज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत की क्लाइमेट चेंज को लेकर प्रतिबद्धताओं में भी राज्यों का योगदान भी महत्वपूर्ण है। मध्यप्रदेश क्लाइमेट चेंज से निपटने में सर्वाधिक नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादक बन लीडर की भूमिका में है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के सबसे तेज गति से विकास करने वाले राज्यों में अग्रणी है। यहां लगभग हर क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। मुख्यमंत्री ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मप्र में निवेश करने के इच्छुक निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने का विश्वास और सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि राज्य और निवेशक मिलकर देश को नवकरणीय ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि 24 घंटे बिजली देने की दिशा में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। निवेशकों के साथ हमारा रिश्ता नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में व्यापार-व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार की शाम मुंबई में क्लाइमेट वीक-2026 को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग (मप्र शासन) एवं ग्रीन एनर्जी के लिए विख्यात सिकोया क्लाइमेट फाउंडेशन के बीच मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में एमओयू हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती का समाधान केवल एक देश, एक राज्य या एक सरकार ही नहीं कर सकती, इसके लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बेहद आवश्यक है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 नई दिल्ली में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 20 फरवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में शामिल होंगे। समिट में वे उच्च-स्तरीय पैनल से चर्चा करेंगे। इसमें राज्य स्तर पर एआई के उपयोग से आर्थिक विकास को गति देने, डिजिटल सुशासन को सशक्त बनाने और मजबूत अवसंरचना विकसित करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एआई कंप्यूटिंग, सायबर सुरक्षा संरचना, क्लाउड इको सिस्टम, जनरेटिव एआई एकीकरण और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी प्रमुख वैश्विक तकनीकी कंपनियों के साथ वन टू वन बैठक भी करेंगे। बैठक में एडवांस्ड सेमीकंडक्टर ऐक्सीलरेशन, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा सेंटर और सॉवरेन एआई मॉडलिंग जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव टियर-2 शहरों से उभर रहे स्टार्ट-अप और नव प्रवर्तकों से भी मुलाकात कर उनके एआई आधारित कार्यों की जानकारी लेंगे।समिट में मध्यप्रदेश पेवेलियन हॉल 4, प्रथम तल,बूथ संख्या 4ऋ-32 और 4ऋ-34 में ऱएआई इनेबल्ड गवर्नेंस फॉर ऐन एम्पावर्ड भारतह्व थीम पर लगाया गया है। इसमें 14 एआई स्टार्ट-अप, आईआईटी इंदौर और आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन जैसे शैक्षणिक संस्थान और 4 प्रमुख शासकीय विभाग शामिल हैं।

# भोपाल में बीजेपी का प्रशिक्षण महाअभियान

### मुख्य मंत्री बोले- कांग्रेस के माथे पर ओबीसी की जनगणना रोकने का कलंक

**भोपाल (निप्र)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 को लेकर बीजेपी प्रदेश कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन का आयोजन किया गया।**

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल कार्यशाला में मौजूद रहे. प्रदेश कार्यशाला में बनाए गए नए प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रमुख जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष शामिल भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि वह प्रदेश के सभी जिलों के अध्यक्ष जिला प्रभारी और संभाग प्रभारी के साथ भोपाल के भाजपा मुख्यालय में प्रशिक्षण बैठक में शामिल हुए। प्रशिक्षण को लेकर हमारे राज्य की भी सफलता की कहानी है। ओबीसी मामले पर बोलते हुए सीएम ने आगे कहा कि ओबीसी की जनगणना रोकने का कलंक कांग्रेस के माथे पर है। उन्होंने कहा कि झूठ बोलो आगे चलो यही कांग्रेस है। कांग्रेस के झूठ को दुनिया जानती है। चुनाव में इसलिए मुंह की खानी पड़ रही है। आरोप लगाया कि कांग्रेस सामाजिक विद्वेष फैलाती है।

जल्द होगी निगम मंडलों में नियुक्ति- खंडेलवाल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर मंडल से लेकर जिला सभी सभी कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से कार्यकताओं को प्रशिक्षित करना है। निगम मंडलों को लेकर भी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निगम मंडलों,प्रकोष्ठों की नियुक्तियां जल्द की जाएगी। हमारा उद्देश्य की हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिले!

# प्रेमी के साथ गई पत्नी, पति ने लगाई फांसी

भोपाल (निप्र)। भोपाल के निशातपुरा में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड से पहले एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने मौत के लिए पत्नी और उसके प्रेमी को जिम्मेदार बताया है।घटना बुधवार रात 10 बजे की है, जबकि पोस्टमॉर्टम के बाद गुरुवार दोपहर शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, 30 वर्षीय पंकज अहिरवार पिता कुंजीलाल अहिरवार रतन कॉलोनी में रहता था। वह एक प्राइवेट कंपनी में गैस सिलेंडर डिलेवरी का काम करता था।बुधवार रात पंकज ने घर में फांसी लगा ली। सुसाइड से पहले उसने एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने सुसाइड के लिए मजबूर करने के आरोप अपनी पत्नी संध्या और उसके प्रेमी विकास पालकर पर लगाए हैं। युवक ने वीडियो में इस बात का भी जिक्र किया कि पत्नी ने गांधी नगर थाने में उसके खिलाफ शिकायत की थी, जिससे लंबे समय तक वह परेशान रहा, उसे कई बार थाने में रखा गया। इन तमाम चीजों से परेशान होकर वह अपनी जान दे रहा है। पंकज ने आखिरी वीडियो में बताया कि पत्नी को उसका प्रेमी विकास अपने साथ खुरई ले गया है। कई बार बुलाने पर भी पत्नी लौटने को तैयार नहीं है। उलटा उस पर अनर्गल आरोप लगाकर जेल में बंद करने की धमकी देती है। मृतक के छोटे भाई गगन ने बताया कि भाभी संध्या विकास से फोन पर घंटे तक बातें करती थीं। इस बात से नाराज होकर भैया उनको फटकार लगाते थे। दोनों के बीच इसी बात को लेकर कई बार विवाद होते थे।

# बे-मौसम बारिश प्रदेश में किसानों की आफत, अचानक बारिश से फसलें बर्बाद

### पीड़ित किसानों को मिलेगा उचित मुआवजा-कृषि मंत्री

**भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश में अचानक हुई बारिश ने किसानों की फसलें बर्बाद कर दीं. हालांकि, सरकार ने किसानों को मुआवजा देने की बात कही है.**

प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि सरकार इस संकट की घड़ी में उनके साथ है। बारिश और ओलों से प्रभावित क्षेत्रों में फसलों के नुकसान का आकलन करने के लिए जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग के अधिकारी प्रभावित खेतों का दौरा कर सर्वे करेंगे, ताकि नुकसान का सही आंकड़ा सामने आ सके। बता दें मध्य प्रदेश में बुधवार को अचानक मौसम बदल गया और गरज-चमक के साथ बारिश हुई थी।साथ ही ओले भी गिरे। तापमान गिरने की वजह से बढ़ती गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन किसानों की समस्या बढ़ गई। एमपी के इंदौर, उज्जैन, सीहोर, बड़बानी, मंदसौर, नीमच, झाबुआ, रतलाम सहित आसपास के जिलों में कहीं दिन तो कहीं रात में बारिश हुई. यहां ओले पड़ने से गेहूं, अफीम, चना, सरसों, प्याज सहित अन्य फसलें खराब हो गईं। मंदसौर जिले में कुछ क्षेत्रों में बारिश और ओलावृष्टि की वजह से किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। फसलों के हुए नुकसान से किसान परेशान है और अब मुआवजे की मांग कर रहे हैं। ओलावृष्टि और बारिश की वजह से टमाटर, गेहूं, धनिया, चना और अफीम की फसल को नुकसान हुआ है।

सीहोर जिले में खेतों में रवि की खड़ी फसलें पक कर खड़ी हैं. कहीं कट चुकी हैं तो कहीं किसान इन्हें काटने की तैयारी में हैं. जिले में अचानक से मौसम ने करवट बदली और तेज बारिश ने किसान की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया. जिले का किसान टूट चुका है, अब ऐसे में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले के किसान मुआवजा की मांग कर रहे हैं.

# मेवाड़ा की पहल से सफाई मित्रों की हड़ताल समाप्त



आष्टा,(निप्र)। नगरीय निकाय के समस्त सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों के चलते सफाई कार्य पर नही आने का निर्णय लेते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए थे। उक्त घटनाक्रम का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा संज्ञान लेते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति को सफाई कर्मचारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्त मांगों को गंभीरता से लेते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उक्त पहल पर भारतीय मजदूर संघ राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा भोपाल संभाग अध्यक्ष राहुल वाल्मिकी द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के निज कार्यालय पर अपने सदस्यों के साथ पहुंचे और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा को आभार पत्र सौंपते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने सफाई संगठन के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही आपकी रूकी हुई तनख्वाह सहित अन्य योजनाओं से प्राप्त भुगतानों को पूर्ण किया जाएगा। पूरी परिषद आप सभी के साथ है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, संगठन के अध्यक्ष राहुल वाल्मिकी के साथ समस्त सफाई दरोगा, जमादार एवं सफाई मित्रगण मौजूद थे।

# डॉग लवर ने महिलाओं पर किया तलवार से हमला

भोपाल (निप्र)। भोपाल में डॉग लवर ने महिलाओं पर तलवार से हमला कर दिया। मामला अयोध्या नगर थाना क्षेत्र का है। जहाँ वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। डॉग लवर्स ने एक महिला के पेट और दूसरी महिला के हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। एक महिला के हाथ की नस कट गई है। गहरे घाव बन गए हैं। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।बताया जा रहा है कि श्रवण कांता कॉलोनी के लोगों ने आवारा कुत्तों के आतंक की नगर निगम से शिकायत की थी। शिकायत के बाद नगर निगम की टीम सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर ले गई थी। इसके बाद कॉलोनी में ही रहने वाले डॉग लवर्स ने निगम से छुड़वा लिया था।

डॉग लवर्स ने आवारा कुत्तों को दोबारा श्रवण कांता कॉलोनी में लाकर छोड़ दिया था। इसके बाद कॉलोनी की महिलाओं ने विरोध किया। इससे गुस्साए युवक ने महिला साथी और एक अन्य दोस्त की मौजूदगी में 2 महिलाओं पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया।

# कान्हा से आए बाघ की मौत मामले पर डीएफओ को नोटिस

भोपाल (निप्र)। मध?य प्रदेश के नौरादेही टाइगर रिजर्व में कान्हा से लाए गए बाघ की मौत के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मामले में लापरवाही के आरोपों के बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख ने टाइगर रिजर्व के डीएफओ रजनीश कुमार सिंह को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। वहीं वन विभाग ने बाघ की मौत की प्रारंभिक वजह टेरिटोरियल फाइट (क्षेत्रीय संघर्ष) बताई है।

### पीपल्स यूनिवर्सिटी को बम से उड़ाने की धमकी

भोपाल (निप्र)। भोपाल की पीपल्स यूनिवर्सिटी को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. यूनि प्रशासन से सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस सुरक्षा के मद्देनजर विश्वविद्यालय कैंपस को खाली कराया। धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है

### 30 घंटे में रिकॉर्ड ठगी की वारदातें

भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में साइबर ठगों ने जबरदस्त ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। भोपाल में पिछले 30 घंटे में रिकॉर्ड साइबर फ्रॉड हुए हैं। 30 घंटे में 12 थानों में 34 ए फ आई आर दर्ज की गई हैं। शहरवासियों से करीब 1 करोड़ 53 लाख 76 हजार 531 रुपये की ठगी की गई है। साकेत नगर में अकेले 50.98 लाख की ठगी हुई है। कमला नगर थाना क्षेत्र में विदेशी ट्रेडिंग से 23 लाख, हबीबगंज थाना क्षेत्र में नौकरी के नाम पर 15 लाख, पिपलानी थाना क्षेत्र में महिला से 12 लाख 25 हजार और बागसेवनिया इलाके में बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देकर मोबाइल ऐप डाउनलोड करवाकर 12 लाख ठगने की जानकारी मिली है।

# जिनेन्द्र भक्ति महोत्सव में आज शिखर पर ध्वजारोहण एवं गुरुमूर्ति प्रतिष्ठा



आष्टा,(निप्र)। मध्यप्रदेश स्थित श्री गिरनार महातीर्थ आष्टा तीर्थ की 18वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सात दिवसीय जिनेन्द्र भक्ति महोत्सव 16 फरवरी से प्रारंभ हुआ है। 22 फरवरी तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन के अंतर्गत विविध पूजन, महापूजन एवं अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं। शुक्रवार 20 फरवरी को दादा के शिखर पर ध्वजारोहण तथा गुरु मंदिर में गुरुमूर्ति की प्रतिष्ठा आचार्यश्री हर्ष तिलक सूरीश्वर जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगी। तीन वर्ष पश्चात पूज्य आचार्य भगवंत हर्ष तिलक सूरीश्वर जी महाराज का ससंघ नगर में मंगल प्रवेश हुआ है। आचार्यश्री के सानिध्य में सप्ताह भर तीर्थ पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई है। उनके मंगल प्रवचन एवं आशीर्वचन से श्रद्धालु लाभान्वित हो रहे हैं।श्रीसंघ की नवकारसी किला मंदिर समिति की ओर से आयोजित की गई है।

सोमवार 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे कुंभ स्थापना एवं ज्वारारोपण का कार्यक्रम चंदनमल-सचिन कुमार कोठारी परिवार के लाभार्थ संपन्न हुआ। दोपहर 1 बजे श्री पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन नथमल-ताराचंद रांका परिवार द्वारा लाभ लेकर संपन्न कराई गई।मंगलवार 17 फरवरी को प्रातः 8 बजे श्री नेमिनाथ जिनेंद्र जिनालय में शक्रस्तव अभिषेक प्रतिमाह के लाभार्थियों द्वारा किया गया। 18 फरवरी को प्रातः 9 बजे श्री नवग्रह पाटला पूजन (लाभार्थीः कोठारी परिवार), श्री दशदिक्पाल पाटला पूजन (लाभार्थीः वोहरा परिवार) तथा श्री अष्टमंगल पाटला पूजन संपन्न हुए।

19 फरवरी को प्रातः 8:30 बजे श्रीसंघ द्वारा जिनालय में 18 अभिषेक एवं गुरुमूर्ति अभिषेक का आयोजन किया गया, जिसके लाभार्थी पंकज भाई मोतीचंद झवेरी रहे।वही शुक्रवार 20 फरवरी को प्रातः 8 बजे सामूहिक भव्य स्नात्रोत्सव होगा तथा दोपहर 12:15 बजे दादा के शिखर पर ध्वजारोहण संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर सकल श्रीसंघ का साधार्मिक वात्सल्य भोज एवं जिनालय में भव्य अंगरचना होगी। इसके लाभार्थी ऋजुबालिका तीर्थ निमार्ता श्री नंदप्रभा परिवार (कोलकाता-बंबई) रहेंगे।इसी दिन गुरु मंदिर में गुरुमूर्ति की प्रतिष्ठा पंकज भाई मोतीचंद झवेरी परिवार द्वारा आचार्यश्री के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ संपन्न की जाएगी। आगामी वर्ष (23 फरवरी 2027, फाल्गुन सुदी 3) की ध्वजा एवं अष्टप्रकारी पूजा के चढ़ावे की बोली भी इस अवसर पर लगाई जाएगी।

शनिवार 21 फरवरी को प्रातः 9 बजे महाप्रभाविक श्री शांति स्नात्र महापूजन (लाभार्थीः कोठारी परिवार) तथा रविवार 22 फरवरी को प्रातः 9 बजे प्रभावशाली श्री सिद्धचक्र महापूजन (लाभार्थीः इंद्राबेन अमृतलालजी सिंघवी परिवार, आष्टा-इंदौर) संपन्न होंगे। सप्ताह भर चलने वाले जिनेन्द्र भक्ति महोत्सव को लेकर श्रीसंघ एवं तीर्थ समिति में उत्साह का वातावरण है। श्रद्धालुओं में विशेष उमंग देखी जा रही है और बड़ी संख्या में समाजजन धार्मिक लाभ अर्जित कर रहे हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम देवकरण मकवाना को परिवर्तित कर नया नाम देवकरण (DEVKARAN) हो गया है। इससे पूर्व मेरा नाम देवकरण मकवाना था को मेरा नाम देवकरण (DEVKARAN) करा दिया गया है। मेरे आधार कार्ड में पूर्व नाम देवकरण मकवाना के स्थान पर नया नाम देवकरण (DEVKARAN) किया जावे। अतः अब मेरे समस्त दस्तावेजों में जहां पुराना नाम देवकरण मकवाना दर्ज था उसके स्थान पर नया नाम देवकरण (DEVKARAN) पढ़ा और लिखा जावे

**प्रार्थी**
**देवकरण पिता हजारीलाल**
**तहसील आष्टा जिला सीहोर (म.प्र.)**

SUNDARAM FINANCE
Enduring values. New age thinking.

**VEHICLE FOR SALE**

MARUTI WAGON R VXI
MODEL - 2022
VEHICLE RC NO. MP-09-ZJ-1155
ENGINE NO. K10BNC226863
CHASSIS NO. MA3JMTB1SNM818274

CONTECT
SUNDARAM FINANCE LTD
PLOT NO.13/2, 1ST FLOOR OPP. GAYTRI MANDIR, DHAR CHIKHALDA MARG, KUKSHI, DHAR MP.-454331
PH.NO.07297-244041 (M) 9425602848

**तिरुपति स्टार्च एंड केमिकल्स लिमिटेड**
**सीआईएन: L15321MP1985PLC003181**
पंजीकृत कार्यालय: श्री राम चेम्बर्स, 12, अग्रवाल नगर मेनरोड, इंदौर-452001 (म.प्र.) संपर्क: 0731-4905001, 4905002
ई-मेल: tirupati@tirupatistarch.com, वेबसाइट: www.tirupatistarch.com

**शेयरधारकों के लिए सूचना**
**निवेश सुगमता-भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डिमटेरियलाइजेशन (डीमैट) हेतु विशेष विंडो के संबंध में**

एतद् द्वारा शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि निवेशकों को उनकी प्रतिभूतियों (Securities) तक उचित पहुँच प्राप्त करने में और अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए, सेबी (SEBI) ने अपने परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के माध्यम से, 'भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डिमटेरियलाइजेशन के लिए विशेष विंडो' के संबंध में, उन भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डिमटेरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए एक और विशेष (स्पेशल) विंडो खोलने का निर्णय लिया है जो 01 अप्रैल, 2019 से पहले बेची/खरीदी गई थी। यह विशेष विंडो 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए खुली रहेगी। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे ऐसे मामलों को पुनः **4 फरवरी, 2027 तक**, कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (RTA) - **मेसर्स अंकित कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड**, 60, इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स, परदेशीपुरा, इंदौर, म.प्र., 452010 के पास पुनः दाखिल करें। संपर्क: 0731-4065799, 4065797, 4949444; ईमेल: **investor@ankitonline.com** कृपया आवेदन की प्रयोज्यता (Applicability) के संबंध में नीचे दिए गए मैट्रिक्स को देखें।

| हस्तांतरण विलेख (Transfer Deed) के निष्पादन की तिथि | क्या 01 अप्रैल, 2019 से पहले हस्तांतरण के लिए प्रस्तुत किया गया था? | क्या मूल प्रतिभूति प्रमाण पत्र (Original Security Certificate) उपलब्ध है? | क्या वर्तमान विंडो में प्रस्तुत करने के लिए पात्र हैं? |
|---|---|---|---|
| 01 अप्रैल, 2019 से पहले | नहीं (यह नया मामला/ फ्रेश लॉजमेंट है) | हाँ | हाँ |
| 01 अप्रैल, 2019 से पहले | हाँ (इसे पहले अस्वीकार/ वापस कर दिया गया था) | हाँ | हाँ |
| 01 अप्रैल, 2019 से पहले | हाँ | नहीं | नहीं |
| 01 अप्रैल, 2019 से पहले | नहीं | नहीं | नहीं |

कृपया ध्यान दें कि इस स्पेशल विंडो के तहत सिर्फ़ उन अनुरोधों पर ही विचार किया जाएगा जिनके साथ ओरिजिनल सर्टिफिकेट, ट्रांसफर डीड और आवश्यक सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट्स होंगे। इस तरह ट्रांसफर की गई सिक्योरिटीज़ (शेयर्स) को सिर्फ़ डीमैट मोड में ही ट्रांसफरी को क्रेडिट किया जाएगा और वे ट्रांसफर के रजिस्ट्रेशन की दिनांक से एक वर्ष के लिए लॉक-इन रहेगी। इन सिक्योरिटीज़ को लॉक-इन अवधि के दौरान ट्रांसफर/लियन-मार्क/प्लेज नहीं किया जा सकेगा।

**तिरुपति स्टार्च एंड केमिकल्स लिमिटेड** की ओर से
**अनुराग कुमार सक्सेना**
(कम्पनी सचिव)
स.सं.: F8115

दिनांक: **19.02.2026**
स्थान: **इंदौर**